दिन– मंगलवार दिनांक– 12 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर संसद के दोनों सदनों में आज भी गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। लोकसभा में जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बार–बार अनुरोध के बावजूद विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे। इसे देखते हुए अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, राज्यसभा में भी एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

———————————————————————————

प्रदेश में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत ग्यारह दिनों के बाद भी किसी भी राजनीतिक दल ने मतदाता सूची के प्रारूप पर दावा–आपत्ति दर्ज नहीं करायी है। निर्वाचन आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि आम मतदाताओं की ओर से तेरह हजार नौ सौ सत्तर दावा–आपत्ति दर्ज करायी गयी है। इसमें तीन सौ इकतालीस का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं, तिरेसठ हजार पांच सौ इक्यानवे लोगों ने मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए अपना आवेदन जमा करवाया है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के साथ संवाद किया। वर्चुअल मोड में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में पंद्रह लाख से अधिक उपभोक्ता शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार अठारह में ही हर घर तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य हासिल कर लिया था। उन्होंने कहा कि सरकार उपभोक्ताओं को चौबीसों घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कुमार ने कहा कि एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ शहरी और ग्रामीण

दोनों ही क्षेत्र के उपभोक्ताओं को मिलेगा। संवाद में भाग लेते हुए ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार के इस फैसले का लाभ राज्य के एक करोड़ नवासी लाख से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य उपस्थित थे।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए प्रत्येक जिले में जिला स्थापना समिति के गठन की घोषणा की है। समिति के अध्यक्ष संबंधित जिलों के जिला पदाधिकारी होंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। वहीं, उप विकास आयुक्त, अपर जिला दंडाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी–स्थापना समिति के अन्य सदस्य होंगे। इसके अलावा जिला पदाधिकारी अनुसूचित जाति–जनजाति और अल्पसंख्यक श्रेणी के एक–एक पदाधिकारी का मनोनयन करेंगे। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा एक महिला वरीय उप–समाहर्ता का मनोनय समिति के सदस्य के रूप में किया जायेगा। शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि यह समिति जिले के अंदर स्थानांतरण, अंतर जिला स्थानांतरण के लिए अनुशंसा, स्थानांतरण संबंधी शिकायतों के निष्पादन और जिले के अंदर स्वीकृत रिक्त पदों की सीमा तक शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकृत होगी।

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिमी चम्पारण, सुपौल, अररिया, किशनगंज और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी और खगड़िया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। राज्य के शेष हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है।

———————————————————————————

नवादा जिले के हिसुआ थाना के मँझवे पहाड़ी के पास पुलिस और एक अपराधी के बीच मुठभेड़ हो गई। इस घटना में अपराधी निखिल कुमार को पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ की वारदात में पुलिसकर्मियों के भी घायल होने की सूचना है।

---

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज पटना के सगुना मोड़ से भव्य तिरंगा यात्रा की शुरुआत हुई। यह यात्रा मनेर होते हुए विक्रम तक जाएगी कुल पैंतालीस किलोमीटर का रास्ता तय करेगी।

---

समाप्त